कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-03.11.2024

विषय:- जान से मारने की नीयत से अपने माता-पिता पर लोहे के राड से हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्त सौरभ कुमार थाना शिवपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-513/2024 धारा 109/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी- सी-38 वीडीए कालोनी चाँदमारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-03.11.2024 को समय करीब 12.05 बजे चाँदमारी अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 31/10/24 को वादी श्री रमाशंकर द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि प्रार्थी का पुत्र सौरभ कुमार अनावश्यक पैसे की मांग कर रहा था मेरे द्वारा मना करने पर जान से मारने की नीयत से लोहे की राड से वार कर दिया जिससे मेरा सिर फट गया व हाथ में भी चोटे आयी जब मेरी पत्नी छुड़ाने आयी तो उनको भी राड से मारा और मेरी पत्नी चोट के बजह से बेहोश हो गयी है उसको भी सिर में गहरी चोटे आयी हैं, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ.नि. प्रवीण कुमार मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सौरभ कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी- सी-38 वीडीए कालोनी चाँदमारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- चाँदमारी अण्डरपास से दिनांक 03.11.2024 को समय करीब 12.05 बजे।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0-513/2024 धारा 109/351(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 प्रवीण कुमार मिश्रा, हे0का0 विनीत तिवारी, हे0का0 अजय सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।